an>

title: Need to give relief measures to farmers affected due to heavy rains and hailstorms in the country.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मानननीय उपाध्यक्ष जी, जैसा कि सदन के संज्ञान में है, पूरे उत्तर भारत में ओला वृष्टि और अतिवृष्टि से किसानों का बहुत नुकसान हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र में भी भूकम्प से ज्यादा स्थिति खराब हुई है। पहले ओला पड़ा, फिर उसके बाद अति वर्षा से किसानों की पूरी फसल चौपट हो गई। विद्युत के तार जगह जगह टूटे पड़े हैं। पोल टूट गये हैं। तारें घरों में झूल रही हैं। घर के खपरैल पूरी तरह से टूट गये हैं। किसानों की स्थिति बहुत ही खराब है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसको दैवीय आपदा न माना जाए और उसके हिसाब से धीरे धीरे रिपोर्ट मंगाकर फिर कार्रवाई की जाए, ऐसा न किया जाए। इसको राष्ट्रीय आपदा घोषित करके वहां पर पूरी तरह से राहत कार्य चलाए जाएं। पूरी कार्रवाई करके बिजली की व्यवस्था ठीक की जाए और किसानों को उनका मुआवजा दिया जाए तथा उनके कर्जे माफ करने की व्यवस्था की जाए। धन्यवाद।